Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- हनुमानगढ़ में आरोपी श्रीराम राजस्व पटवारी, पटवार मण्डल चाहूवाली तहसील टिब्बी जिला हनुमानगढ़ 15,000/– रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, दिनांक 04 जून 2026। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी हनुमानगढ़ ईकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये आरोपी **श्रीराम राजस्व पटवारी पटवार मण्ड़ल चाहूवाली तहसील टिब्बी,जिला हनुमानगढ़** को 15,000/–रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री गोविन्द गुप्ता** ने बताया कि ए.सी.बी. चौकी हनुमानगढ़ को एक शिकायत इस आशय की मिली कि श्रीराम राजस्व पटवारी पटवार मण्डल चाहूवाली तहसील टिब्बी जिला हनुमानगढ़ द्वारा परिवादी के पिता के नाम ईंतकाल दर्ज करने की एवज में परिवादी से 30,000/– रूपये रिश्वत की मांग कि जा रही थी ।

जिस पर एसीबी के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री नारायण टोगस** के सुपरविजन में ए.सी.बी. हनुमानगढ़ की **अति० पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुधा पालावत** ने ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी श्रीराम राजस्व पटवारी को 15,000/– रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी की **महानिरीक्षक पुलिस श्रीमती एस परिमला** के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।